| |
|---|
| दिनांक 31.08.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 455/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले आई0पी0एस0 अधिकारीगण का विदाई समारोह

**श्री राजीव कृष्ण**, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आज दिनॉकः 31.08.2026 को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी **श्री मुथा अशोक जैन** पुलिस महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ, **डा0 अखिलेश कुमार निगम** पुलिस महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग उ0प्र0 लखनऊ, **श्री शहाब रशीद खॉ** पुलिस उपमहानिरीक्षक यूपी-112 लखनऊ, **श्री आलोक प्रियदर्शी** अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी, **श्रीमती सुनीता सिंह** पुलिस उपमहानिरीक्षक पी0ए0सी0 मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ, **श्री कमलेश कुमार दीक्षित** पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ, **श्री अरविन्द मिश्र** पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन उ0प्र0 लखनऊ, **श्री हरि गोवन्द** पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ एवं **श्री राम नयन सिंह** सेनानायक 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर के सेवानिवृत्ति के परिप्रेक्ष्य में पुलिस मुख्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

**पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0** द्वारा विदाई कार्यक्रम के अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

**श्री मुथा अशोक जैन, डा0 अखिलेश कुमार निगम, श्री शहाब रशीद खॉ, श्री आलोक प्रियदर्शी, श्रीमती सुनीता सिंह, श्री कमलेश कुमार दीक्षित, श्री अरविन्द मिश्र, श्री हरि गोवन्द** एवं **श्री राम नयन सिंह** ने अपने-अपने सम्बोधन में उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुये उत्तर प्रदेश पुलिस में सेवा करने को अपने जीवन का गौरवपूर्ण अनुभव बताया तथा पुलिस विभाग में बिताये हुये पलों एवं अनुभवों को साझा किया गया।

**श्री राजीव कृष्ण,** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ने कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में सेवानिवृत्त हो रहे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा उनके परिजनों को सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई देते हुए कहा कि यह एक अद्भुत संयोग है कि अलग-अलग परिवारों से निकलकर, शिक्षा-दीक्षा प्राप्त करने के बाद पुलिस सेवा को अपने कैरियर के रूप में चुनने वाले आप सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सेवा के विभिन्न पड़ावों पर एक-दूसरे से जुड़े और आज एक ही दिन विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। आप सभी ने 30 से 35 वर्ष अथवा उससे अधिक की दीर्घ सेवा के दौरान राष्ट्र, समाज, आमजन तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रति उल्लेखनीय एवं असाधारण योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अनेक प्रकार के अनुभव आते हैं—कभी सफलता के, कभी चुनौतियों के, कभी उपलब्धियों के, तो कभी कठिन परिस्थितियों के । यही अनुभव जीवन की सबसे बड़ी सीख बनते हैं। ये अनुभव व्यक्ति को निरंतर सीखने, स्वयं को बेहतर बनाने और परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता प्रदान करते हैं। समय के साथ यही अनुभव हमारे व्यक्तित्व को परिपक्व बनाते हैं और अंततः जीवन की सबसे मूल्यवान एवं यादगार पूंजी बन जाते हैं।

**पुलिस महानिदेशक उ0प्र0** ने कहा कि सेवानिवृत्ति का अर्थ किसी व्यक्ति की कार्य करने की क्षमता, ऊर्जा अथवा प्रतिभा का समाप्त हो जाना नहीं है, बल्कि यह जीवन की एक नई शुरुआत है। सेवा के दौरान प्राप्त अनुभव, दक्षता और ज्ञान जीवन की अमूल्य पूंजी हैं, जिनका उपयोग समाज और स्वयं के लिए आगे भी किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि विभागीय एवं सरकारी नियमों के कारण सेवा काल में जो प्रोजेक्ट, सपने अथवा आकांक्षाएँ अधूरी रह गईं, उन्हें आप अपनी 'सेकंड इनिंग' में अपने अनुभव, प्रतिभा, ऊर्जा और नई सोच के साथ पूरा करेंगे। यह नया चरण आपके लिए स्वयं को समय देने, अपने अधूरे सपनों को पूरा करने तथा परिवार और समाज के साथ नई ऊर्जा एवं उत्साह के साथ जीवन को आगे बढ़ाने का अवसर होगा। उन्होने अन्त में सेवानिवृत्त हो रहे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के **सुखमय, स्वस्थ, समृद्ध एवं सफल होने की कामना** की।

**श्री मुथा अशोक जैन जी** का जन्म 30 अगस्त 1966 को गुन्टूर(आंध्र प्रदेश) में हुआ था। वर्ष 1995 में 'भारतीय पुलिस सेवा' में चयनित होने के उपरान्त राज्य में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए वर्ष 2013 में 'पुलिस महानिरीक्षक' के पद पर प्रोन्नत होने के उपरान्त पुलिस महानिरीक्षक रेलवे इलाहाबाद, पुलिस महानिरीक्षक इलाहाबाद जोन, पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा लखनऊ, पुलिस महानिरीक्षक लोक शिकायत एवं पुलिस महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र के पद पर नियुक्त रहे तथा यहीं से केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर प्रस्थान कर गये, जहाँ पर वर्ष 2017 से 2022 तक नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में नियुक्त रहे । केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आने के पश्चात पुलिस आयुक्त वाराणसी, अपर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ एवं अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के पद पर नियुक्त रहे तथा यहीं पर जून 2026 में 'पुलिस महानिदेशक' के पद पर प्रोन्नत हुये। वर्तमान में पुलिस महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवाएं, उ0प्र0 के पद पर नियुक्त हैं, जहाँ से आज अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

श्री मुथा अशोक जैन जी निष्ठावान, कार्यकुशल एवं सुयोग्य अधिकारी रहे हैं। जिनका 30 वर्षों से अधिक का सेवाकाल अत्यन्त सराहनीय रहा है।

श्री मुथा अशोक जैन जी को स्वतंत्रता दिवस 2007 के अवसर पर वीरता के लिए पुलिस पदक, गणतंत्र दिवस 2010 के अवसर पर वीरता के लिए पुलिस पदक का 1st बार, गणतंत्र दिवस 2011 के अवसर पर दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक, स्वतंत्रता दिवस 2021 के अवसर पर विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक, गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर), गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (गोल्ड) एवं स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम) से सम्मानित किया गया है।

**डॉ0 अखिलेश कुमार निगम जी** का जन्म 05 अगस्त 1966 को जनपद लखनऊ में हुआ था। वर्ष 1992 में 'प्रान्तीय पुलिस सेवा' में चयनित हुये। वर्ष 2016 में 'भारतीय पुलिस सेवा' में प्रोन्नत होने के उपरान्त राज्य में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए वर्ष 2022 में 'पुलिस उप महानिरीक्षक' के पद पर प्रोन्नत हुये। इसके उपरान्त पुलिस उप महानिरीक्षक को-ऑपरेटिव सेल लखनऊ, आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन लखनऊ एवं अपराध अनुसंधान विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के पद पर नियुक्त रहे तथा यहीं पर वर्ष 2026 में 'पुलिस महानिरीक्षक' के पद पर प्रोन्नत हुये, जहाँ से आज अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

डॉ0 अखिलेश कुमार निगम जी कार्यकुशल एवं लगनशील अधिकारी रहे हैं। जिनका 34 वर्षों का सेवाकाल अत्यन्त सराहनीय रहा है।

डॉ0 अखिलेश कुमार निगम जी को स्वतंत्रता दिवस 2015 के अवसर पर दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक, गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर) एवं स्वतंत्रता दिवस 2023 के अवसर पर विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

**श्री शहाब रशीद खाँ जी** का जन्म 12 अगस्त 1966 को जनपद मीरजापुर में हुआ था। वर्ष 1994 में 'प्रान्तीय पुलिस सेवा' में चयनित हुये। वर्ष 2018 में 'भारतीय पुलिस सेवा' में प्रोन्नत होने के उपरान्त राज्य में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए वर्ष 2024 में 'पुलिस उप महानिरीक्षक' के पद पर प्रोन्नत होने के उपरान्त पुलिस उप महानिरीक्षक यूपी-112 लखनऊ के पद पर नियुक्त हुये, जहाँ से आज अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

श्री शहाब रशीद खाँ जी निष्ठावान एवं कार्य के प्रति समर्पित सुयोग्य अधिकारी रहे हैं। जिनका 31 वर्षों से अधिक का सेवाकाल अत्यन्त सराहनीय रहा है।

श्री शहाब रशीद खाँ जी दिनांकः 29.11.2007 को वीरता के लिए पुलिस पदक, दिनांकः 03.06.2010 को वीरता के लिए पुलिस पदक का 1st BAR, स्वतंत्रता दिवस 2010 के अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री का उत्कृष्ट सेवा पदक, दिनांकः 10.05.2012 को वीरता के लिए पुलिस पदक का 2nd BAR, गणतंत्र दिवस 2017 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह(सिल्वर), गणतंत्र दिवस 2018 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (गोल्ड), स्वतंत्रता दिवस 2021 के अवसर पर दीर्घ एवं सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक तथा गणतंत्र दिवस 2024 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम) से सम्मानित किया गया है।

**श्री आलोक प्रियदर्शी जी** का जन्म 23 अगस्त 1966 को पटना (बिहार) में हुआ था। वर्ष 1995 में 'प्रान्तीय पुलिस सेवा' में चयनित हुये। वर्ष 2018 में 'भारतीय पुलिस सेवा' में प्रोन्नत होने के उपरान्त राज्य में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए वर्ष 2025 में 'पुलिस उप महानिरीक्षक' के पद पर प्रोन्नत होकर अपर पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद के पद पर नियुक्त रहे। वर्तमान में अपर पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट वाराणसी के पद पर नियुक्त हैं, जहाँ से आज अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

श्री आलोक प्रियदर्शी जी कर्मठ, लगनशील एवं सुयोग्य अधिकारी रहे हैं। जिनका 31 वर्षों से अधिक का सेवाकाल अत्यन्त सराहनीय रहा है।

श्री आलोक प्रियदर्शी जी को स्वतंत्रता दिवस 2018 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर), गणतंत्र दिवस 2020 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (गोल्ड), गणतंत्र दिवस 2021 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम) एवं स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

**श्रीमती सुनीता सिंह जी** का जन्म 29 अगस्त 1966 को जनपद देवरिया में हुआ था। वर्ष 1994 में 'प्रान्तीय पुलिस सेवा' में चयनित हुयीं। वर्ष 2019 में 'भारतीय पुलिस सेवा' में प्रोन्नत होने के उपरान्त राज्य में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए वर्ष 2025 में 'पुलिस उप महानिरीक्षक' के पद पर प्रोन्नत होकर पुलिस उप महानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय लखनऊ के पद पर नियुक्त हुयीं, जहाँ से आज अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रही हैं।

श्रीमती सुनीता सिंह जी निष्ठावान एवं कार्यकुशल अधिकारी रही हैं। जिनका 31 वर्षों से अधिक का सेवाकाल अत्यन्त सराहनीय रहा है।

श्रीमती सुनीता सिंह जी को स्वतंत्रता दिवस 2023 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर) से सम्मानित किया गया है।

**श्री कमलेश कुमार दीक्षित जी** का जन्म 15 अगस्त 1966 को जनपद कुशीनगर में हुआ था। वर्ष 1997 में 'प्रान्तीय पुलिस सेवा' में चयनित हुये। वर्ष 2020 में 'भारतीय पुलिस सेवा' में प्रोन्नत होने के उपरान्त राज्य में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त रहे। वर्तमान में पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ के पद पर नियुक्त हैं, जहाँ से आज अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

श्री कमलेश कुमार दीक्षित जी परिश्रमी, कुशल एवं कार्य के प्रति समर्पित अधिकारी रहे हैं। जिनका 29 वर्षों से अधिक का सेवाकाल अत्यन्त सराहनीय रहा है।

श्री कमलेश कुमार दीक्षित जी को स्वतन्त्रता दिवस 2020 के अवसर पर दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस पदक, स्वतंत्रता दिवस 2021 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर) एवं स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (गोल्ड) से सम्मानित किया गया है।

**श्री अरविन्द मिश्र जी** का जन्म 12 अगस्त 1966 को जनपद जौनपुर में हुआ था। वर्ष 1997 में 'प्रान्तीय पुलिस सेवा' में चयनित हुये। वर्ष 2022 में 'भारतीय पुलिस सेवा' में प्रोन्नत होने के उपरान्त राज्य में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त रहे। वर्तमान में पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन लखनऊ के पद पर नियुक्त हैं, जहाँ से आज अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

श्री अरविन्द मिश्र जी कर्मठ एवं लगनशील अधिकारी रहे हैं। जिनका 29 वर्षों से अधिक का सेवाकाल अत्यन्त सराहनीय रहा है।

श्री अरविन्द मिश्र जी स्वतंत्रता दिवस 2018 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर), वर्ष 2019 में मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 का कुम्भ सेवा पदक, गणतन्त्र दिवस 2020 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (गोल्ड), स्वतन्त्रता दिवस 2022 के अवसर पर दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस पदक एवं स्वतन्त्रता दिवस 2023 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम) से सम्मानित किया गया है।

**श्री हरि गोविन्द जी** का जन्म 25 अगस्त 1966 को जनपद सुलतानपुर में हुआ था। वर्ष 1999 में 'प्रान्तीय पुलिस सेवा' में चयनित हुये। वर्ष 2023 में 'भारतीय पुलिस सेवा' में प्रोन्नत होकर पुलिस अधीक्षक, प्रशिक्षण निदेशालय लखनऊ के पद पर नियुक्त हैं, जहाँ से आज अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

श्री हरि गोविन्द जी परिश्रमी एवं कार्य के प्रति समर्पित अधिकारी रहे हैं। जिनका 27 वर्षों से अधिक का सेवाकाल अत्यन्त सराहनीय रहा है।

**श्री राम नयन सिंह जी** का जन्म 18 अगस्त 1966 को जनपद सुलतानपुर में हुआ था। वर्ष 1998 में 'प्रान्तीय पुलिस सेवा' में चयनित हुये। प्रशिक्षण के उपरान्त राज्य में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त रहे तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ के पद से केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर प्रस्थान कर गये। प्रतिनियुक्ति से वापस आने के उपरान्त पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ एवं पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच के पद पर नियुक्त रहे। वर्तमान में सेनानायक 49th Battalion PAC गौतमबुद्धनगर के पद पर नियुक्त हैं, जहाँ से आज अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

श्री राम नयन सिंह जी निष्ठावान एवं सरल स्वभाव के अधिकारी रहे हैं। जिनका 28 वर्षों से अधिक का सेवाकाल अत्यन्त सराहनीय रहा है।

श्री राम नयन सिंह जी को गणतन्त्र दिवस 2016 के अवसर पर वीरता के लिये पुलिस पदक एवं गणतन्त्र दिवस 2025 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर) से सम्मानित किया गया है।







मेरठ जोन
आगरा


UTTAR PRADESH POLICE
ALOK PRIYADARSHI


UTTAR PRADESH POLICE


UTTAR PRADESH POLICE









| |
|---|
| दिनांक 31.08.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 456/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद कुशीनगर/थाना तरयासुजान

- **पुलिस कार्यवाही में 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 सरकारी पिस्टल मय मैगजीन व जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 30.08.226 को थाना तरयासुजान, थाना तमकुहीराज व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर झड़वा रेलवे अंडरपास के समीप पुलिस कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त आशु कुमार घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 सरकारी पिस्टल मय मैगजीन व जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना तरयासुजान पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु रेन्ज स्तर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना तरयासुजान पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आशु कुमार निवासी विन्दवलिया थाना कुचायकोट जनपद गोपालगंज, बिहार।

**बरामदगी**

1–01 सरकारी पिस्टल मय मैगजीन व जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना खुर्जा नगर

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 बुलेट मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 30.08.2026 को थाना खुर्जानगर, स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम कमालपुर पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार

बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया, तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त चेतन घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 बुलेट मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना खुर्जानगर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना खुर्जानगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–चेतन निवासी ग्राम बगरई खुर्द थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–01 बुलेट मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद बाराबंकी/थाना हैदरगढ़**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **10 हजार रूपये नगद**
- **02 मोबाइल फोन बरामद**

दिनांक 31.08.2026 को थाना हैदरगढ़ व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चीनी मिल नहर पुल लाही मोड के पास से 03 अभियुक्तों 1–दुर्गेश 2–दिलीप 3–सूरज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण, 10 हजार रूपये नगद, 02 मोबाइल फोन बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना हैदरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना हैदरगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना हैदरगढ़ पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–दुर्गेश निवासी रानीखेर थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी।

2–दिलीप निवासी रानीखेर थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी।

3–सूरज निवासी टिकरी थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।

**बरामदगी**

1–चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–10 हजार रूपये नगद।

3–02 मोबाइल फोन।

- **जनपद बुलन्दशहर/थाना खुर्जा नगर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व अर्थदण्ड)**

जनपद बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना खुर्जा नगर पर पंजीकृत अभियोग में अभियुक्त 1–महेश 2–दिनेश को धारा 302 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत आजीवन कारावास व 55–55 हजार रूपये अर्थदण्ड एवं अभियुक्त 3–चन्दन को धारा 302 भादवि के अन्तर्गत आजीवन कारावास व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद बरेली/थाना सुभाषनगर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व 15–15 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद बरेली पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बरेली द्वारा थाना सुभाषनगर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34 भादवि व आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त 1–डोलू उर्फ जीतू 2–मोंटू उर्फ वीरपाल 3–लल्ला उर्फ कमलदीप को आजीवन कारावास व 15–15 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद मुजफ्फरनगर/थाना पुरकाजी (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 01 लाख रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा थाना पुरकाजी पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त अमीर आलम को आजीवन कारावास की सजा व 01 लाख रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद शामली/थाना कैराना (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद शामली पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद शामली द्वारा थाना कैराना पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त देवी सिंह को आजीवन कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद फिरोजाबाद/थाना टूण्डला (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को 20–20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 01–01 लाख रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद फिरोजाबाद पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना टूण्डला पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/366 भादवि व 6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त 1–जुनैद उर्फ जुबैद 2–वीरू उर्फ आबिद को 20–20 वर्ष के कठोर कारावास व 01–01 लाख रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद श्रावस्ती/थाना मल्हीपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद श्रावस्ती पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद श्रावस्ती द्वारा थाना मल्हीपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 4(2) पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त कन्हैया लाल को 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

————